# शिवरात्रि का त्यौहार है | By Mukesh Kumar |

शिवरात्रि का त्यौहार है
शिव शंकर का वार है
बम भोले का वार है
शिव शंकर को भज ले प्यारे
करते बेडा पार है

कोई फल और फूल चढ़ावे कोई बेल और पाती है
एक लोटे जल से ही खुश हो जाते ये कैलाशी है
करते सब उद्धार है
शिव शंकर का वार है
बम भोले का वार है
शिव शंकर को भज ले प्यारे
करते बेडा पार है

तीन लोक के स्वामी बाबा शिव शंकर कैलाशी हैं
पी करके भंगिया रहता अपनी धुन में अविनाशी है
सर पे गंगा का भार है
शिव शंकर का वार है
बम भोले का वार है
शिव शंकर को भज ले प्यारे
करते बेडा पार है

मस्तक ऊपर चंद्र विराजे पहने सर्पों की माला है
जटा में जिनकी गंग बिराजे रूप बड़ा विकराला है
नंदी पर सवार हैं
शिव शंकर का वार है
बम भोले का वार है
शिव शंकर को भज ले प्यारे
करते बेडा पार है

जटाजूट धारी भंडारी शिव शंकर भगवान हैं
तुमसा ना प्रभु कोई दानी लीला तेरी महान है
देवो में देव महान है
शिव शंकर भगवान है
बम भोले का वार है
शिव शंकर को भज ले प्यारे
करते बेडा पार है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%bf-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a5%8c%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-mukesh-kuma-2/